सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 64 | इंदौर, मंगलवार 16 सितंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## एमपी में फिर तबादले, 20 IAS इधर से उधर

◆ विशेष गढ़पाले ऊर्जा विभाग में सचिव बने, वंदना वैद्य वित्त निगम की एमडी



वंदना वैद्य | विशेष गढ़पाले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में एक बार फिर आईएएस अफसरों के तबादले किए गए हैं। सरकार ने 20 अफसरों को इधर से उधर किया है। 2008 बैच के आईएएस विशेष गढ़पाले को ऊर्जा विभाग में सचिव बनाया गया है। वंदना वैद्य को मप्र वित्त निगम इंदौर में प्रबंध संचालक बनाया गया है। तपस्या परिहार को कटनी नगर निगम का आयुक्त बनाया है। दलीप कुमार देवास नगर निगम के कमिश्नर होंगे। अनिल भाना को रतलाम नगर निगम कमिश्नर की जिम्मेदारी सौंपी है। बता दें कि 7 दिन पहले ही 14 अफसरों के तबादले किए गए थे।

### इनके हुए तबादले

- विशेष गढ़पालेः ऊर्जा विभाग में सचिव बने।
- गजेन्द्र सिंह नागेश- नरसिंहपुर के जिला पंचायत सीईओ बने।
- वंदना वैद्यः मप्र वित्त निगम की प्रबंध संचालक बनीं।
- गुरु प्रसाद- मुख्य सचिव कार्यालय में उप सचिव बने।
- दिव्यांक मिश्रा- नगरीय प्रशासन विभाग में अपर आयुक्त बने।
- तपस्या परिहारः कटनी नगर निगम आयुक्त बनीं।
- शिशिर गेमावतः नगरीय प्रशासन विभाग में अपर आयुक्त बने।
- नेहा जैनः नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण इंदौर में उप संचालक बनीं।
- श्रेयांस कुमटः उज्जैन के जिला पंचायत सीईओ बने।
- तन्मय वशिष्ठ शर्माः भोपाल नगर निगम में अपर आयुक्त बने।
- दलीप कुमारः देवास नगर निगम कमिश्नर बने।
- नवजीवन विजय पवारः इंदौर के अपर कलेक्टर बने।
- अनिल कुमार राठौरः मप्र औद्योगिक विकास निगम क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर में कार्यकारी संचालक बनाए गए।
- अंशुमान राजः स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क (स्वान) के एमडी बने। राज्य कंप्यूटर सिक्योरिटी इंसीडेंट रिस्पांस टीम भोपाल के डायरेक्टर का अतिरिक्त प्रभार रहेगा।
- अरविंद कुमार शाहः जबलपुर नगर निगम में अपर आयुक्त बने।
- टी प्रतीक रावः ग्वालियर नगर निगम में अपर आयुक्त बने।
- अनिशा श्रीवास्तवः मप्र औद्योगिक विकास निगम क्षेत्रीय कार्यालय ग्वालियर में कार्यकारी संचालक बनीं।
- श्रृंगार श्रीवास्तवः इंदौर नगर निगम में अपर आयुक्त बनाया गया है।
- अनिल भाना : रतलाम नगर निगम कमिश्नर बनाया गया है।



# इंदौर ट्रक हादसे में तीसरी मौत

**दो लोगों ने मौके पर तोड़ा था दम**

## ट्रक ने नो एंट्री में घुसकर 15 को कुचला था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में ट्रक ने 15 लोगों को कुचल दिया। इनमें से 3 की मौत हो गई। आग में लिपटे एक शख्स को लोगों ने गाड़ी के नीचे से खींचकर निकाला।**

इंदौर में सोमवार शाम बेकाबू ट्रक करीब एक किलोमीटर तक मौत बनकर दौड़ा। तेज रफ्तार ट्रक ने कई लोगों और वाहनों को कुचला, टक्कर मारी। शहर के एयरपोर्ट रोड पर इस हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

इनके नाम इंदौर विकास प्राधिकरण की संपदा शाखा के वरिष्ठ सहायक कैलाशचंद्र जोशी और वैशाली नगर निवासी रिटायर्ड प्रोफेसर लक्ष्मीकांत सोनी बताए गए हैं। वहीं, महेश खतवासे ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, ट्रक नंबर MP09 ZP 4069 ने करीब 15 लोगों को चपेट में लिया। हादसे के दौरान ट्रक में आग लग गई। पहले ये सूचना आई थी कि गुस्साए लोगों ने ट्रक में आग लगा दी। फिर पुष्टि हुई कि ट्रक की टक्कर के बाद उसमें एक बाइक फंस गई थी। ट्रक लगातार बाइक को रगड़ते हुए चल रहा था, जिससे उसमें ब्लास्ट हो गया और ट्रक में आग लग गई।

12 घायलों में से गीतांजलि अस्पताल में 6, वर्मा यूनियन अस्पताल में 2, बांठिया अस्पताल में 2, अरबिंदो अस्पताल में एक और भंडारी अस्पताल में एक व्यक्ति को भर्ती कराया गया है। 2 घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है।



### आग में लिपटे शख्स को ट्रक के नीचे से निकाला

हादसे के दौरान एक बाइक सवार ट्रक के नीचे फंस गया। बाइक के रगड़ने से चिंगारी निकली और दोनों गाड़ियों ने आग पकड़ ली। बाइक सवार के कपड़ों में भी आग लग गई। जलती हालत में उसे लोगों ने बाहर निकाला।

### पोलो ग्राउंड जाना था, रास्ता भूला ड्राइवर

पुलिस के मुताबिक, ट्रक जैन ट्रांसपोर्ट का है। यह सांवेर रोड से गत्ते लेकर निकला था। ट्रक को पोलो ग्राउंड पहुंचना था, लेकिन ड्राइवर रास्ता भूलकर सुपर कॉरिडोर से एयरपोर्ट की तरफ आ गया।

शाम के समय शहर में ट्रकों की एंट्री बैन रहती है। ऐसे में ये ट्रक नो एंट्री में घुस गया। कालानी नगर में पुलिस ने इसे रोकने की कोशिश की थी, लेकिन ड्राइवर रफ्तार बढ़ाकर ट्रक को लेकर भागा।

### गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव लेंगे जायजा

सीएम डॉ. मोहन यादव ने हादसे पर दुख जताया। उन्होंने गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव शिवशेखर शुक्ला को इंदौर जाने के निर्देश दिए हैं। रात 11 बजे से पहले शहर में भारी वाहनों के प्रवेश के कारणों की जांच कराने को भी कहा है।



नशे में टक्कर मारने वाला ट्रक चालक ।

# आमजन से जुड़ी समस्याओं का सभी अधिकारी प्राथमिकता और सकारात्मकता के साथ करें निराकरण

## निराकरण में लापरवाही बरतने पर अधिकारियों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

- कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने ली अंतर्विभागीय समन्वय समिति और टीएल की बैठक
- समयसीमा में प्रकरण निराकृत नहीं करने वाले 5 अधिकारी-कर्मचारियों पर लगायी गई पेनाल्टी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने कहा है कि आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण तथा उन्हें शासकीय योजनाओं-कार्यक्रमों और सेवाओं का समय पर लाभ उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि समस्याओं के निराकरण में लापरवाही बरतने वाले तथा योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक न पहुँचाने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

श्री वर्मा आज इंदौर में अंतर्विभागीय समन्वय समिति एवं समय-सीमा पत्रों के निराकरण (टीएल) की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में उन्होंने



सीएम हेल्पलाइन एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की और निर्देश दिए कि आगामी सात दिवस में निराकरण की गति में ठोस प्रगति लाई जाए। बैठक में इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाड़े, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर श्री रोशन राय, श्री रिंकेश वैश्य, श्रीमती निशा डामोर सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि समस्याओं का निराकरण पारदर्शी और प्रभावी ढंग से सकारात्मक हो, जिससे आवेदकों को बार-बार चक्कर लगाने की परेशानी नही उठाना पड़े। उन्होंने अधिकारियों से संवेदनशीलता के साथ कार्य कर आमजन का विश्वास जीतने का आह्वान भी किया।

कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समयसीमा में प्रकरणों का निराकरण नहीं करने पर 5 अधिकारी-कर्मचारियों पर पेनाल्टी लगायी है। जिन अधिकारी-कर्मचारियों पर पेनाल्टी लगायी गई है उनमें तहसीलदार खुड़ैल तथा ग्राम पंचायत गारीपिपलिया, खण्डेल, सिमरोल और दतोदा के ग्राम पंचायत सचिव शामिल हैं। बैठक में बताया गया कि आगामी 17 सितम्बर को सेवा पखवाड़े के तहत सभी स्कूलों में पौधारोपण किया जायेगा।

# 15 वाहनों से वसूला 52 हजार रुपये जुर्माना




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इंदौर द्वारा लोक परिवहन वाहनों बसों, स्कूल वाहनों सहित अन्य वाहनों की लगातार चेकिंग की जा रही है। बसों में ओवरलोडिंग, अधिक किराया की भी जांच की जा रही है। लोगों को अपने वाहनों पर HSRP नम्बर प्लेट लगवाने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है। वाहन की गति, स्पीड गवर्नर सहित दस्तावेज की चेकिंग की जा रही है। दस्तावेज नहीं होने, क्षमता से अधिक सवारी पाए जाने, परमिट शर्तों का उल्लंघन करने वाली बसों के साथ ही विशेष रूप से स्कूल, कॉलेज के वाहनों की सघन जाँच की जा रही है। इसी क्रम में इंदौर-महू, इंदौर-सेंधवा, बड़वानी रूट की बसों की चेकिंग की गई। स्कूल बसों, यात्री बसों में विभिन्न कमियां पाए जाने पर 15 से अधिक वाहनों पर जुर्माना लगाया गया । साथ ही बिना परमिट संचालित 02 ट्रक को जब्त किया गया। उज्जैन में पंजीकृत 01 डम्पर को जब्त किया गया, जिस पर की 5 लाख रुपये मध्यप्रदेश मोटरयान कर बकाया था। रिकार्ड चेक करने पर पाया गया की वाहन स्वामी के अन्य 02 डम्पर पर भी 10 लाख बकाया है। कुल 15 लाख रूपये मोटरयान कर को जमा करवाया गया। इस दौरान वाहनों से 52 हजार रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया।

## रोने की आवाज सुनकर पहुंची महिला ने बचाई जान

# आधी रात नवजात को कचरे में फेंका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एक नवजात को किसी ने आधी रात कचरे में फेंक दिया। बच्चे के रोने की आवाज सुनकर वहां पास में रहने वाली एक महिला की नींद खुल गई। जब वह घर से कूछ दूर गई तो घास में नवजात कांपते हुए रोते मिली।**

महिला उसे उठाकर अपने घर ले आई। गंदगी साफ कर उसे दूध पिलाकर सुबह तक संभाला। इसके बाद पति के साथ थाने जाकर बच्ची को सौंप दिया। पुलिस ने उसे अस्पताल भिजवाया। यहां पीआईसीयू में उसे भर्ती किया गया है। मामला शिव कंठ नगर का है। जिस जगह नवजात को फेंका गया, वह बस्ती क्षेत्र है। यहां



सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं। पुलिस को आशंका है कि मामला अवैध संतान से जुड़ा हो सकता है। पुलिस आसपास के मैटरनिटी अस्पतालों से जानकारी जुटाएगी।

घनश्याम परमार एक कंपनी में चौकीदारी करते हैं। उनकी पत्नी रुकमा घर के बाहर चाय-बिस्किट की दुकान चलाती हैं। उन्होंने बताया कि रविवार-सोमवार की रात करीब 2 बजे नींद खुली तो मैं बाहर निकलीं। मुझे लगा कि कहीं बाहर कोई सामान तो चोरी नहीं कर रहा है। जब कुछ नहीं दिखा तो मैं घर के अंदर लौटने लगीं। तभी अचानक मुझे एक छोटे बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी और मैं चौंक गई। रुकमा ने बताया कि मैं घर से कुछ कदम दूर उस ओर गई। वहां गाजर घास और कचरे के बीच से आवाज सुनाई दे रही थी। घर लौटी और मोबाइल लेकर वापस गई। मोबाइल टॉर्च की रोशनी में देखा तो नवजात रो रही थी। मुझे डर लगा कि कहीं कुत्ते या कोई और जानवर हमला न कर दे, इसलिए उसने तुरंत उसे घर ले आई।

## नवजातों की मौत का कारण चूहे नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। एमवाय अस्पताल में चूहों के कुतरने के बाद दो नवजातों की मौत के मामले में सोमवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सरकार ने इस मामले में विस्तृत रिपोर्ट पेश की। इसमें दोनों नवजातों की मौत चूहों के काटने से नहीं होने का जिक्र है। रिपोर्ट में धार के दंपती की नवजात की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का भी जिक्र है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में पता चला कि उसके कुछ ऑर्गन्स पूरी तरह विकसित नहीं हुए थे। इसके साथ ही दूसरी बीमारियां भी थी। मौत का कारण रेट बाइट नहीं है। रिपोर्ट में बताया गया कि पहली घटना 30 अगस्त की सुबह 4 बजे हुई थी, जबकि दूसरी घटना 31 अगस्त की रात 10.30 बजे हुई थी। इसमें यह देखा गया कि पहली घटना में क्या-क्या स्टेप्स लिए गए और क्या-क्या नहीं लिए गए।

# ड्रेस बदलने का बोलकर कमरे में गई छात्रा ने घर में लगाई फांसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग स्टूडेंट ने घर में फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। वह 9वीं क्लास में पढ़ाई करती थी। रविवार देर रात वह कमरे में ड्रेस चेंज करने का बोलकर गई, काफी देर बाद भी वह बाहर नहीं आई। जब परिवार के लोग पहुंचे तो घटना का पता चला, जिसके बाद उसे प्राइवेट हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।**

शव को पीएम के लिए एमवाय अस्पताल भेजा गया, जहां सोमवार को उसका पीएम कराया गया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की। पुलिस को घटना स्थल से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस सुसाइड नोट के आधार पर आगे की जांच कर रही है।



जूनी इंदौर टीआई अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि 14 साल की नाबालिग स्टूडेंट ने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बच्ची के पिता एक दुकान संचालित करते हैं। परिवार में बच्ची के अलावा दो बड़े भाई हैं। रात में वह पिता को ड्रेस चेंज करने का बोलकर कमरे में गई। काफी देर बाद भी वह बाहर नहीं आई तो पिता और परिवार के अन्य सदस्य रूम के बाहर पहुंचे। काफी आवाज देने के बाद भी उसने कोई जवाब नहीं दिया, तो परिवार के लोग भी घबरा गए।जैसे-तैसे गेट तोड़ा तो अंदर का नजारा देख वे चौंक गए। नाबालिग फंदे पर लटकी थी। वे उसे लेकर तुरंत प्राइवेट अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रात करीब 1 बजे प्राइवेट हॉस्पिटल से पुलिस को सूचना मिली। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## युवक ने अपने घर में ही फांसी लगा ली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। विजय नगर इलाके में रहने वाले एक युवक ने अपने घर में ही फांसी लगा ली। मां ने बेटे को फंदे पर देखा तो चौंक गई। लोगों की मदद से उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक मृतक आकाश (35) पिता दिलीप वर्मा निवासी विजय नगर स्कीम नंबर 54 है। वह विपणन संघ में गोदाम इंचार्ज था। घटना रविवार देर रात की बताई जा रही है। परिजन ने बताया कि आकाश के पिता कोरोना काल में शांत हो गए थे। घर में आकाश और उनकी मां रेखा ही रहते थे। 2023 में आकाश की शादी हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद ही उसकी पत्नी अपने मायके चली गई थी। उसे समझाकर वापस लाया, मगर कुछ दिन बाद वह वापस चली गई। आकाश के बड़े मामा ने बताया कि महिला ने नीमच थाने में आकाश के खिलाफ केस दर्ज करा दिया था। महिला पर उसे परेशान करने का आरोप भी लगाया।

# तीर्थयात्रा और कथा श्रवण से जीवन का आनंद दुगना होता है...

## पंडित हरि नारायण वैष्णव का श्रीमद्भागवत कथा समापन अवसर पर प्रतिपादन









@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**श्री क्षेत्र शुक्रताल..** किसी भी धार्मिक व आध्यात्मिक दर्शन और तीर्थयात्रा में चैतन्य का आभामंडल होता है और तीर्थाटन व पौराणिक कथा श्रवण से प्राप्त होने वाला जीवन का आनंद दुगना हो जाता है, ऐसा प्रतिपादन सुप्रसिद्ध संतश्री पंडित हरि नारायण वैष्णव ने श्रीमद्भागवत कथा के समापन अवसर पर बोलते हुए किया।

माँ आशापूर्णा भक्त समूह व पालीवाल महाजन समाज की ओर से आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के आज के अंतिम दिन सर्वप्रथम श्री झाडोत परिवार की ओर से भगवान की आरती संपन्न हुई।

तीर्थयात्रा और धार्मिक उपक्रमों के बाद सीधे घर न जाएँ, उससे पहले ग्रामदेवता के दर्शन अवश्य करें और घर में प्रवेश करते समय परिवार के ज्येष्ठजनों का आशीर्वाद प्राप्त करें, ऐसा भी पंडित हरि नारायणजी ने कहा।

### सुदामा मिलन कथा

भगवान श्रीकृष्ण और मित्रता के दृढ़ प्रतीक माने गए सुदामा ब्राह्मण की मित्रता की कथा विस्तार से सुनाई। इस अवसर पर श्रीमद्भागवत कथा का मूलपाठ और हवन भी संपन्न किया गया।

### स्मृति चिन्ह और गौरवपत्र प्रदान

श्री रमणलाल पोपटलाल पालीवाल (वरिष्ठ समाज सेवी) वर्षों पुरानी फर्म मेसर्स श्यामलाल लालचंद पालीवाल (जड़ी बूटी वाले) बुरहानपुर म. प्र. की तरफ से उनके सुपुत्र महेंद्र पालीवाल (प्रबंध संपादक डीजीआर ग्रुप)द्वारा मुख्य यजमान और सभी समिति के सदस्यों का अभिनंदन किया और स्मृति चिन्ह भेंट की और कथा श्रवण करने वाले प्रत्येक धर्म प्रेमी सजातीय समाज के बंधुओ को भी स्मृति चिन्ह राधा कृष्ण की तस्वीर भेंट की गई प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह संतश्री पंडित वैष्णव के



शुभहस्तों से प्रदान किए गए। साथ ही 'महाराष्ट्र सनातन धर्म रक्षा प्रतिष्ठान' की ओर से कथा वाचक संतश्री हरिनारायणजी वैष्णव, आयोजन समिति संरक्षक श्री राजेंद्र झाडोत तथा माँ आशापूर्णा भक्त समूह के प्रमुख कार्यकर्ताओं का महाराष्ट्र प्रदेश संयोजक अनिलकुमार पालीवाल, वरिष्ठ मार्गदर्शक डॉ. शंभूलाल पालीवाल, महिला आघाड़ी प्रमुख श्रीमती किरण पालीवाल आदि मान्यवरों के हाथों 'धर्माधिष्ठित धर्म रत्न' पुरस्कार देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कार्यकर्ता श्री मोहनलाल पालीवाल (नेपानगरवाले, इंदौर), श्रीकृष्ण पालीवाल (भगवानपुरा), शांतीलालजी पालीवाल (मंदसौर), पुरुषोत्तमजी पालीवाल (प्रतापगढ़), विलास पालीवाल (चोपड़ा), महेंद्र पालीवाल (बुरहानपुर) आदि मान्यवर तथा सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सफलता के लिए ललित पालीवाल, कृष्णमुरारी पालीवाल, दीपक पालीवाल, विनोद पालीवाल, प्रदीप पालीवाल, राजेंद्र पालीवाल, अखिलेश पालीवाल तथा समूह के सभी कार्यकर्ताओं ने परिश्रम किए।

**भैंसोला क्षेत्र छावनी में हुआ तब्दील... 70 विशेष पुलिस अधिकारियों सहित 2300 पुलिस जवान तैनात होंगे**

# 2158 एकड़ में देश का एकलौता पीएम मित्रा पार्क मप्र में पीएम मोदी कल करेंगे शिलान्यास

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**धार/इंदौर, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 17 सितम्बर को देश के पहले पीएम मित्रा पार्क की आधारशिला रखेंगे। धार जिले के भैंसोला में स्थापित होने वाले देश के पहले पीएम मित्रा पार्क में देश की अग्रणी 114 टेक्सटाइल कम्पनियों से 23 हजार करोड़ रूपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं।**

इन प्रस्तावों में से 91 कम्पनियों और इकाइकों के आवेदन स्वीकृत किए जाकर 1294 एकड़ से अधिक भूमि आवंटित किये जाने की अनुशंसा की जा चुकी है। 17 सितम्बर की तैयारियों के लिए जिला और पुलिस प्रशासन सहित भोपाल के उच्च अधिकारियों की निगरानी में कार्य युद्धस्तर पर जारी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्वयं इस कार्यक्रम की पूरी जानकारी ले रहें है। कार्यक्रम की तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी है। धार एएसपी विजय डावर ने बताया कि पीएम मित्रा पार्क के हर हिस्से में पुलिस की पूरी निगरानी की जा रही है। यहां 70 विशेष पुलिस अधिकारियों में 40 डीएसपी 20 एएसपी स्तर के और 2300 पुलिस बल तैनात किया जाएगा।



## प्रधानमंत्री स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का करेंगे शुभारंभ

प्रधानमंत्री श्री मोदी 17 सितम्बर को 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान का शुभारंभ 'सुमन सखी' चैटबॉट को लांच करेंगे। जनजातीय स्व-सहायता समूहों से स्वदेशी उत्पादों की खरीद और यूपीआई से भुगतान, सेवा पर्व एवं आदि कर्मयोगी अभियान का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी 'एक बगिया मां के नाम' अभियान के तहत महिला लाभार्थियों को पौधों का वितरण, एक करोड़ सिकल सेल कार्ड के वितरण सहित स्वदेशी पखवाड़े का शुभारंभ भी करेंगे। कार्यक्रम में लाड़ली बहनें, स्व-सहायता समूह के स्वास्थ्य एवं स्वावलंबन योजना के हितग्राही सहित टेक्सटाइल एवं गारमेंट क्षेत्र के प्रमुख उद्यमी, युवा उद्यमी, महिला उद्यमी एवं हितग्राही उपस्थित रहेंगे।

## पीएम मित्रा पार्क की स्थापना में अब तक

पीएम मित्रा पार्क में 91 कंपनियों द्वारा 23 हजार करोड़ का निवेश किया गया है। जिन्हें 1294 एकड़ भूमि आवंटित की जा चुकी है। 220 केवीए का सब स्टेशन स्थापित होगा। 20 एमएलडी का कॉमन एफ्ल्यूएन्ट ट्रीटमेंट प्लांट, 10 एमवीए का सौर ऊर्जा प्लांट के साथ ही 95750 वर्गमीटर क्षेत्र में फैली 81 प्लग एंड प्ले यूनिट्स, दो केंद्रीयकृत स्टीम बॉयलर और पाइप लाइन नेटवर्क के साथ ही श्रमिकों व महिला कर्मचारियों के लिए आवास व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।

# लिव इन में रह रहे युवक युवती ने सुसाइड किया

◆ प्रेमी पहले से शादीशुदा था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंदसौर, एजेंसी।** जिले के पिपलिया मंडी में प्रेमी जोड़े ने सोमवार सुबह कीटनाशक पीकर सुसाइड कर लिया। युवक की पहचान मूंदड़ी निवासी अरुण मेघवाल (23) और युवती की पहचान नीमच जिले के शकरग्राम निवासी पवित्रा चौहान (21) के रूप में हुई है। दोनों को जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया।



परिजन के मुताबिक पवित्रा शनिवार सुबह अपने घर से कॉलेज जाने के लिए निकली थी। दोपहर बाद उसका मोबाइल बंद हो गया। परिजन ने तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। सोमवार सुबह उन्हें उसके जहर पीने की जानकारी मिली। अस्पताल पहुंचकर परिवार ने हंगामा किया। भाई बिना पुलिस की इजाजत के शव उठाकर ले जा रहा था, जिसे पुलिस ने रोक लिया। पिपलिया मंडी चौकी प्रभारी धर्मेश यादव के मुताबिक अरुण की शादी 4 साल पहले टीना नामक महिला से हो चुकी थी, लेकिन वह टीना के साथ नहीं बल्कि पवित्रा के साथ लिव-इन मे रह रहा था। पवित्रा के जहर पीने की सूचना मिलने के बाद उसके परिजन हॉस्पिटल पहुंचे और हंगामा करने लगे।

पवित्रा का भाई उसकी लाश लेकर बाहर की ओर जा रहा था। मौके पर मौजूद कॉन्स्टेबल ने रोक लिया। कुछ देर झूमाझटकी के बाद शव को वापस अस्पताल ले जाया गया। चौकी प्रभारी धर्मेश यादव ने बताया कि युवक-युवती के बीच पिछले करीब 3 साल से अफेयर चल रहा था। दोनों 1 साल से लिव-इन-रिलेशनशिप में रह रहे थे। इस बीच युवती अपने घर आना-जाना जरूर करती थी। शनिवार सुबह वह कॉलेज जाने के लिए निकली थी, जिसके बाद वह वापस घर नहीं पहुंची। सोमवार सुबह दोनों ने नशीले पदार्थ का सेवन कर लिया।

# 'संपत्ति में भले नहीं, लेकिन बहुओं को ससुराल में रहने का है अधिकार'

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी।** उच्च न्यायालय की ग्वालियर खंडपीठ ने थाटीपुर निवासी एक परिवार की दो बहुओं द्वारा दायर मुकदमे को बनाए रखते हुए सास की आपत्ति के लिए लगाए मामले को खारिज कर दिया। हाई कोर्ट की एकल पीठ ने आदेश पारित करते हुए कहा था कि वैवाहिक घर में रहने का अधिकार बहुओं का वैध अधिकार है, भले ही वे अपने ससुराल की संपत्ति में 'सहभागी या उत्तराधिकारी' न हों। इस मामले में बहुओं की ओर से पैरवी करने वाले अधिवक्ता आरके सोनी ने बताया कि यह मामला सास द्वारा दायर की गई आपत्ति याचिका से जुड़ा था। याचिकाकर्ता सास ने कहा था कि उनके दो बेटों की पत्नियां संपत्ति में हिस्सेदारी का दावा नहीं कर सकतीं, इसलिए उनके द्वारा संपत्ति में हिस्सेदारी का मुकदमा कायम नहीं रह सकता।



वहीं दूसरी ओर, बहुओं ने मुकदमा दायर कर अपने वैवाहिक घर में रहने का अधिकार और उन्हें बेदखल करने से रोकने की मांग की थी। बहुओं का आरोप था कि ससुराल पक्ष उन्हें मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना देकर घर से निकालने का प्रयास कर रहा है। हाई कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम के तहत बेटियों या बहुओं को संपत्ति में अधिकार नहीं दिया गया है, लेकिन वैवाहिक घर में रहने का अधिकार एक अलग और मान्यता प्राप्त अधिकार है।

# जबलपुर में कम्प्यूटर बाबा ने मांगी भिक्षा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी।** जबलपुर में कम्प्यूटर बाबा ने अपने समर्थकों के साथ भिक्षा मांगी। वे सोमवार दोपहर ढोल-ढमाकों के साथ साधु-संतों को साथ लेकर सड़क पर उतरे और जनता से गौरक्षा यात्रा के लिए भीख देने की अपील करने लगे। उन्होंने दुकानों और चौराहों पर जा-जाकर प्रदेश में गौवंश की बदहाली का आरोप लगाया। कम्प्यूटर बाबा ने गौ संवर्धन के लिए अपनी यात्रा का ऐलान भी किया है। उन्होंने कहा कि 7 अक्टूबर से हजारों गायों को साथ लेकर गौरक्षा यात्रा निकालेंगे। यह पैदल यात्रा 14 अक्टूबर को राजधानी भोपाल पहुंचेगी। जहां राज्य सरकार से गौरक्षा के लिए प्रभावी योजनाएं शुरू करने की मांग करेंगे। अगर हमारी मांगें नहीं मानीं तो हजारों गायों को छोड़कर लौट आएंगे।




# बहू ने दो जेठ पर गैंगरेप का आरोप लगाया

**ग्वालियर, एजेंसी।** एक 25 साल की महिला ने अपने दो जेठ पर बार-बार गैंगरेप करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने बताया कि उसके पति की तबीयत खराब रहती है। वह इलाज के लिए 20-20 दिन घर से बाहर 'हुसैन टेकरी शरीफ जावरा (रतलाम)' जाते हैं। ऐसे में जेठ दुष्कर्म करते थे। विरोध करने पर 10 माह की बेटी की हत्या की धमकी देते। आरोपी कहते थे कि किसी ने बताया है कि ऐसा करने से तुम्हारा पति जल्दी ठीक हो जाएगा। जब महिला ने अपने पति को बताया तो उसने कहा कि मैं ठीक हो रहा हूं तो तुम्हें क्या दिक्कत है? घटना डबरा के जंगीपुरा क्षेत्र में 10 जनवरी से 25 मई 2025 के बीच की है। रविवार को महिला थाने पहुंची और दोनों जेठ के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूछताछ में दोनों ने आरोपों को झूठा बताया।

# जबलपुर में चूहों ने मरीजों के कुतरे पैर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी।** मरीजों की सुरक्षा को लेकर एक और बड़ी लापरवाही नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सामने आई है। अस्पताल के मानसिक रोग विभाग में भर्ती तीन मरीजों को चूहों ने बुरी तरह से काट लिया। यह घटना तब हुई जब पिछले एक महीने से विभाग में चूहों के आतंक की लगातार शिकायतें मिल रही थीं, लेकिन अस्पताल प्रशासन ने इसे रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाया। यह घटना इंदौर के एमवाय अस्पताल में चूहों के काटने से दो मासूमों की मौत के बाद जारी की गई चेतावनियों को नजरअंदाज करने का सीधा परिणाम है।

## संपादकीय

# सेक्स रेशियो में कमी अब भी एक गंभीर सामाजिक चिंता

दिल्ली में सेक्स रेशियो में कमी दर्ज की गई है। राजधानी दिल्ली की सालाना जन्म और मृत्यु रिपोर्ट 2024 के आंकड़े जारी किए गए। रिपोर्ट से साफ है कि जहां एक ओर जन्म दर और सेक्स रेशियो में गिरावट दर्ज की गई है, वहीं शिशु मृत्यु दर और मातृ मृत्यु दर में मामूली सुधार हुआ है। मृत्यु दर में हालांकि पिछले वर्ष की तुलना में हल्की बढ़ोतरी देखी गई। आंकड़ों से 2024 और 2023 की रिपोर्ट को समझते हैं... 2024 में हर 1000 लड़कों पर 920 लड़कियां पैदा हुई जबकि 2023 में यह अनुपात 922 था। दिल्ली में 2024 में जन्म लेने वालों में लड़कियों की संख्या में कमी, लड़कों की संख्या ज्यादा पाई गई। दिल्ली में 2024 में कुल 3,06,459 जन्म दर्ज किए गए, जो 2023 में दर्ज 3,15,087 जन्म की तुलना में कम है। राजधानी में रोजाना औसतन जन्म लेने वाले बच्चों की संख्या भी घटकर 837 हो गई, जबकि 2023 में यह संख्या 863 थी। जन्म दर घटने से यह साफ है कि दिल्ली में जनसंख्या वृद्धि की रफ्तार धीमी हो रही है। मृत्यु दर में हल्की बढ़ोतरी चिंताजनक है और यह स्वास्थ्य सेवाओं और जीवनशैली से जुड़ी चुनौतियों की ओर इशारा करती है। शिशु और मातृ मृत्यु दर में कमी एक सकारात्मक संकेत है, जो बताता है कि प्रसव और नवजात देखभाल से जुड़ी स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हुआ है। लेकिन, सेक्स रेशियो में कमी अब भी एक गंभीर सामाजिक चिंता है। यह दर्शाता है कि दिल्ली में लड़कियों के जन्म के मुकाबले लड़कों का जन्म ज्यादा हो रहा है, जो लिंग संतुलन पर नकारात्मक असर डाल सकता है। दिल्ली में तमाम जागरुकता कैंपेन के बावजूद सेक्स रेश्यो में लगातार गिरावट आ रही है। खासकर पिछले 5 सालो में महिलाओं का सेक्स रेश्यो प्रति 1000 पुरुषों पर 933 से घटकर 920 पर आ गया है। हालांकि, अभी इसका कोई स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है, लेकिन बड़ा सवाल यही है कि जब सेक्स रेश्यो में 2012 से ही सुधार का ट्रेंड दिखाई दे रहा था, तो फिर पिछले कुछ सालो में अचानक इतनी गिरावट क्यों आई और अगर सरकार के किसी प्रयास या नीति की वजह से पहले सुधार आ रहा था, तो फिर गिरावट किस वजह से आई। डॉक्टर इसके पीछे एक वजह यह भी मान रहे हैं कि कोरोना के समय संक्रमण के डर से लोग अल्ट्रासाउंड, लिंग परीक्षण से जुड़ी जांच कराने से बच रहे थे। दिल्ली में मौत का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। यह हम नहीं बल्कि दिल्ली सरकार की एनुअल रिपोर्ट कह रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 में कुल 139480 मौतें हुई, जबकि 2023 में 132391 मौत दर्ज की गई थी। यानी इस साल के हर दिन औसतन 381 मौत हो रही है।

## OSHO कहिन

"जो सत्य है, उसे जानने की जिज्ञासा ही सच्ची बुद्धिमत्ता है।"



### Health is Wealth

# भारतीयों में हृदय रोग और मधुमेह से बढ़ा मौत का खतरा

## लैंसेट की स्टडी ने महिलाओं को डराया



आजकल की भागती दौड़ती जिंदगी में बढ़ता तनाव, खराब जीवनशैली , खानपान की गलत आदतें, और वर्कआउट की कमी, लोगों के लिए सेहत से जुड़ी कई गंभीर चुनौतियां साथ लेकर आ रही हैं। हाल ही में 'द लांसेट' जर्नल में प्रकाशित एक स्टडी के अनुसार, साल 2000 से 2019 के बीच 204 देशों में गैर-संचारी रोगों (NCDs) से होने वाली मौतों का विश्लेषण किया गया है। जिसमें पता चला कि एक तरफ जहां वैश्विक स्तर पर इन बीमारियों से होने वाली मौतों की संभावना में कमी आई है, वहीं भारत में यह संभावना बढ़ी है। जिसका मतलब है कि भारत में 2010 और 2019 के बीच कैंसर, मधुमेह, और हृदय रोग जैसे NCDs से होने वाली मृत्यु दर में वृद्धि हुई है। बता दें, NCDs में हृदय रोग, कैंसर, मधुमेह और श्वसन संबंधी पुरानी बीमारियां शामिल हैं। यह शोध विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के शोधकर्ताओं के साथ मिलकर किया गया।

### ◆ लिंग आधारित असमानता

भारत में 2019 में, जन्म से 80 वर्ष की उम्र तक NCDs से मरने की संभावना महिला के लिए लगभग 48.7 प्रतिशत थी, जबकि यह आंकड़ा पुरुषों में 57.9 प्रतिशत था। हालांकि, 2001 में महिलाओं में यह संभावना 46.7 प्रतिशत और 2010 में 46.6 प्रतिशत था, जो 2019 में बढ़कर 48.7 प्रतिशत हो गया, जबकि पुरुषों में भी यह आंकड़ा 2001 में 56 प्रतिशत, 2010 में 57.8 प्रतिशत और 2019 में 57.9 प्रतिशत रहा। शोध में कहा गया है कि चीन, मिस्र, नाइजीरिया, रूस और ब्राज़ील जैसे देशों में दोनों लिंगों के लिए गैर-संचारी रोगों से होने वाली मृत्यु दर में कमी आई, जबकि भारत और पापुआ न्यू गिनी में दोनों लिंगों के लिए वृद्धि हुई। शोधकर्ताओं ने कहा कि अधिकांश देशों में, कैंसर और हृदय रोग से होने वाली मौतों में कमी आई है, जो दीर्घकालिक रोगों से होने वाली मृत्यु दर में गिरावट का सबसे बड़ा कारण थे।

### ◆ भारत में NCD रोगों का कारण

भारत में NCDs से होने वाली मौतों का सबसे बड़ा कारण हृदय रोग और मधुमेह है, और इन दोनों से होने वाली मौतों में वृद्धि हो रही है। इसके अलावा वायु प्रदूषण के कारण श्वसन संबंधी पुरानी बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। स्टडी में सामने आया कि खराब आहार, शारीरिक गतिविधि की कमी, तम्बाकू और शराब का सेवन, और वायु प्रदूषण जैसे कारक NCDs के जोखिम को बढ़ा रहे हैं। भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली अभी भी संचारी रोगों (जैसे मलेरिया, टीबी) पर अधिक केंद्रित है, जबकि NCDs पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### ◆ NCD रोगों से निपटने के लिए अधिक निवेश की मांग

शोधकर्ताओं का कहना है कि संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य के तहत 2030 तक एनसीडी से समयपूर्व मौतों को एक-तिहाई कम करने का वादा किया गया है, लेकिन भारत जैसे देशों में निवेश की जरूरत है। आगामी चौथी हाई-लेवल मीटिंग ऑफ यूएन जनरल एसेंब्ली (25 सितंबर) से पहले, यह अध्ययन पुरानी बीमारियों से निपटने के लिए अधिक निवेश और जरूरतमंद तक पहुंच सुनिश्चित करने की मांग करता है।

बता दें, यह अध्ययन यूके के मेडिकल रिसर्च काउंसिल, नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ एंड केयर रिसर्च (एनआईएचआर) और एनसीडी एलायंस द्वारा वित्तपोषित था, जिसमें डब्ल्यूएचओ के शोधकर्ता भी शामिल थे। यह पहला वैश्विक विश्लेषण है जो राष्ट्रीय स्तर पर पुरानी स्थितियों से जुड़ी मौतों में बदलाव को ट्रैक करता है।

Uttarakhand

# सहस्त्रधारा, मालदेवता, टपकेश्वर, फन वैली... बारिश-बादल फटने से देहरादून के मशहूर टूरिस्ट प्लेसेज में तबाही

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** उत्तराखंड में बारिश जमकर कहर बरपा रही है. भारी बारिश की वजह से सहस्त्रधारा में बादल फटने की घटना सामने आई है. अचानक आए सैलाब में कई दुकानें और घर बह गये. इसमें दो लोग लापता हैं, जिनकी तलाश की जा रही है. बादल सुबह करीब पांच बजे फटा. SDRF, NDRF और स्थानीय प्रशासन राहत और बचाव कार्य में जुटा है.

आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन ने कहा, 'देहरादून में सहस्त्रधारा और माल देवता तथा मसूरी से भी नुकसान की खबरें मिली हैं. देहरादून में दो से तीन लोग लापता बताए जा रहे हैं. मसूरी में एक व्यक्ति की



मौत की खबर मिली है, जिसकी पुष्टि की जा रही है.' उन्होंने कहा कि टीमें प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य में लगी हुई हैं, जबकि 300 से 400 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है. देहरादून में भारी बारिश हो रही है, जिससे हालात लगातार बिगड़ रहे हैं. भारी बारिश में देहरादून के पास पुल का हिस्सा भी बह गया. देहरादून-हरिद्वार हाइवे पर फन वैली के पास ये तबाही दिखी. देहरादून में मालदेवता के पास सौंग नदी का रौद्र रूप देखने को मिल रहा है. ब्रिज तोड़ते हुए नदी बेकाबू रफ्तार से बह रही है. मौसम को देखते हुए पहली क्लास से लेकर 12वीं तक के सभी स्कूलों में आज बंद रहेंगे. ऋषिकेश में भी चंद्रभागा नदी उफान पर है. पानी हाईवे तक आ पहुंचा है.

Chhattisgarh

# नक्सली की पत्नी ने किया सरेंडर

**गरियाबंद, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ में नक्सल विरोधी अभियान के तहत सुरक्षाबलों को एक और बड़ी कामयाबी मिली है। गरियाबंद में 10 नक्सलियों के एनकाउंटर के बाद सोमवार को एक महिला नक्सली ने सरेंडर कर दिया है। सरेंडर करने वाली महिला नक्सली की पहचान जानसी उर्फ वछेला के रूप में हुई है। उसके सिर पर 8 लाख रुपये का इनाम घोषित था। वह नक्सली संगठन की सीनियर मेंबर थी और नगर एरिया कमेटी की सचिव थी। पुलिस के अनुसार, वह हाल ही में मारे गए कुख्यात नक्सली सत्यम गावड़े की पत्नी है। पुलिस के मुताबिक, जानसी का समर्पण एक बड़ी सफलता है क्योंकि वह नगर एरिया कमेटी की सचिव थी और संगठन के सबसे ऊंचे पदों में से एक पर काबिज थी। सरेंडर करने के बाद महिला नक्सली ने सुरक्षाबल के जवानों को बताया कि लगातार हो रहे एक्शन के बाद नक्सली संगठन पूरी तरह से बिखर गए हैं।

New Delhi

# NCR में एक और कार का कहर, पुलिसवाले ने स्कूल से लौट रहे 3 भाइयों को कुचला, 2 की मौत

**पलवल, (एजेंसी)** पलवल के गांव उटावड़ में सोमवार दोपहर एक पुलिसकर्मी की तेज रफ्तार कार की टक्कर से दो स्कूली छात्र की मौत हो गई। वहीं, तीसरे छात्र को गंभीर हालत में नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीनों छात्र दादा के साथ स्कूल से लौट रहे थे। आरोपी पुलिसकर्मी नूंह के डीएसपी का रीडर है। उटावड़ थाना की पुलिस ने मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार मरने वाले छात्रों की पहचान गांव उटावड़ निवासी 13 वर्षीय अयान व नौ वर्षीय अहसान के रूप में हुई है। जबकि घायल छात्र सात वर्षीय मोहम्मद अरजान नजदीक स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित परिजन आस मौहम्मद ने अपनी शिकायत में पुलिस बताया है कि हादसे के शिकार बच्चे उनके पोते हैं।

अयान पांचवीं कक्षा का छात्र था। जबकि अहसान चौथी कक्षा में पढ़ता था। वहीं अरजान दूसरी कक्षा में पढ़ता है। सभी गांव में स्थित एक सरकारी स्कूल में पढ़ते थे। सोमवार दोपहर करीब डेढ़ बजे स्कूल से छुट्टी होने के बाद वह अपने पोतों को पैदल स्कूल से घर ले जा रहे थे। सभी गांव स्थित एक निजी स्कूल के पास पहुंचे, पीछे से एक तेज रफ्तार कार ने तीनों बच्चों को टक्कर मार दी। उन्होंने कूदकर अपनी जान बचाई। हादसा इतना जबरदस्त था कि अयान और अहसान की मौके पर ही मौत हो गई। पीड़ित का कहना है आरोपी कार चालक पुलिस कर्मी था। वह हादसे के बाद कार समेत फरार होने लगा। लेकिन लोग उसे काबू कर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस आरोपी कार चालक पुलिस कर्मी को हिरासत में लेकर जांच कर रही है।

Uttarpradesh

## पिता ने जमीन बेचकर जमा किए 13 लाख रुपये

# कक्षा 6 में पढ़ने वाले बेटे ने ऑनलाइन गेम में उड़ाई रकम... फिर दे दी जान



**लखनऊ, (एजेंसी)** लखनऊ के मोहनलालगंज इलाके में एक दर्दनाक घटना सामने आई है. यहां बीआईपीएस स्कूल में पढ़ने वाले कक्षा 6 के छात्र यश कुमार ने ऑनलाइन गेम में भारी रकम हारने के बाद आत्महत्या कर ली. यश के पिता सुरेश कुमार यादव पुताई का काम करते हैं. उन्होंने करीब दो साल पहले जमीन बेचकर 13 लाख रुपये यूनियन बैंक की बिजनौर शाखा में जमा किए थे.

सोमवार को पासबुक अपडेट कराने पर जब खाते से 13 लाख रुपये कम होने की जानकारी मिली तो वे हैरान रह गए. जांच करने पर पता चला कि यह रकम ऑनलाइन गेम के जरिए खर्च हो गई थी. घर लौटकर सुरेश ने बेटे यश से इस बारे में पूछा. पहले तो यश ने बात टाल दी, लेकिन बाद में स्वीकार किया कि फ्री फायर गेम खेलते हुए सारे पैसे हार चुका है. इस पर भी पिता ने बेटे को डांटा नहीं बल्कि सिर्फ समझाया. वहीं ट्यूशन टीचर ने भी भरोसा दिलाया कि वे यश को समझा देंगे. लेकिन इसके कुछ ही समय बाद यश अपने कमरे में गया और पंखे से लटककर जान दे दी.

परिजन यश को फौरन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. घटना से गांव में मातम पसरा हुआ है.

खेल

# यूएई की जीत से भारत आधिकारिक रूप से सुपर-4 में पहुंचा, ओमान का सफर समाप्त

**अबु धाबी, (एजेंसी)** जुनैद सिद्दिकी की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने ओमान को 42 रनों से हराकर एशिया कप में अपनी पहली जीत दर्ज की। यूएई ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 172 रन बनाए, जवाब में ओमान की टीम 18.4 ओवर में 130 रन पर ऑलआउट हो गई। यूएई के लिए सिद्दिकी ने चार विकेट लिए, जबकि हैदर अली और मोहम्मद जवादुल्लाह को दो-दो विकेट मिले। वहीं, मोहम्मद रोहिद खान को एक सफलता मिली। यूएई की जीत से भारतीय टीम ने सुपर चार चरण के लिए आधिकारिक रूप से क्वालिफाई किया, जबकि ओमान का सफर ग्रुप चरण में ही समाप्त हो गया।



ओमान ने यूएई के खिलाफ टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, लेकिन कप्तान मोहम्मद वसीम और अलीशान शराफू के अर्धशतकों की मदद से यूएई की टीम चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में सफल रही। यूएई के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए ओमान की शुरुआत खराब रही और उसने पावरप्ले में ही चार विकेट गंवा दिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए ओमान ने आमिर कलीम (2), कप्तान जतिंदर सिंह (20), वसीम अली (1) और हमद मिर्जा (5) के विकेट कुल 32 के स्कोर पर ही गंवा दिए। इसके बाद शाह फैसल भी नौ रन बनाकर पवेलियन लौट गए। फिर आर्यन बिष्ट ने कुछ हद तक पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन वह भी 24 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद ओमान की पारी संभल नहीं सकी और ऑलआउट हो गई। ओमान के लिए जितेन रामानंदी ने 13 रन, विनायक शुक्ला ने 20 और समय श्रीवास्तव ने छह रन बनाए, जबकि शकील अहमद 14 रन बनाकर नाबाद लौटे।

पहले बल्लेबाजी करते हुए यूएई की शुरुआत धीमी रही, लेकिन मोहम्मद वसीम और अलीशान शराफू की ओपनिंग जोड़ी ने जल्द ही गियर बदला। यूएई की टीम ने ओमान को पावरप्ले में कोई सफलता हासिल नहीं करने दी। यूएई ने छह ओवर समाप्ति के बाद बिना किसी नुकसान के 50 रन बनाए और पावरप्ले में ही वसीम और शराफू की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी पूरी कर ली। हालांकि, जितेन ने शराफू को आउट कर आखिरकार इस साझेदारी को तोड़ा।

ओमान को 11वें ओवर में जाकर पहली सफलता मिली। जितेन रामानंदी ने आलीशान शराफू को आउट किया जो 38 गेंदों पर सात चौकों और एक छक्के की मदद से 51 रन बनाकर आउट हुए। इसके साथ ही शराफू और मोहम्मद वसीम के बीच पहले विकेट के लिए 88 रनों की साझेदारी का अंत हुआ। यूएई को दूसरा झटका आसिफ खान के रूप में लगा जो दो रन बनाकर आउट हुए।

सिनेमा

# 'चापलूसी नहीं करती...', अमीषा पटेल ने खुद को बताया आउटसाइडर, खोली इंडस्ट्री की पोल



बॉलीवुड एक्ट्रेस अमीषा पटेल अपनी बेहतरीन एक्टिंग के अलावा अपने बेबाक बयानों के लिए भी जानी जाती हैं. हाल ही में एक्ट्रेस ने बॉलीवुड इंडस्ट्री के बारे में खुलकर अपनी बात रखी है. उन्होंने ये भी बताया कि इंडस्ट्री में कई लोग ऐसे हैं, जो उन्हें पसंद नहीं करते हैं. Zoom को दिए इंटरव्यू में एक्ट्रेस अमीषा पटेल ने कहा, 'फिल्म कहो ना... प्यार है' की सक्सेस के बाद उन्हें उस तरह का फेम नहीं मिला, जिसकी वो हकदार रहीं.' इसी के साथ एक्ट्रेस ने खुद को आउटसाइडर बताया है. इस इंटरव्यू में अमीषा पटेल ने कहा, 'ऑयिडंस का प्यार मैटर करता है. चाहे आप किसी भी कैंप का हिस्सा हो. हां, मैं कुछ कैंप का हिस्सा नहीं थी, मैं शराब-सिगरेट नहीं पीती, काम के लिए चापलूसी नहीं करती, जो मिलता है वो काम मुझे मेहनत से मिलता है. इस वजह से कुछ लोग मुझे पसंद नहीं करते. मैं किसी के आगे-पीछे नहीं घूमती.' इसी के साथ एक्ट्रेस ने बड़ा बयान देते हुए कहा, फिल्म 'कहो ना प्यार है' को जब करीना कपूर ने छोड़ा, तब मुझे मौका मिला. अगर मैं फिल्म इंडस्ट्री से होती तो शायद मैं पहली पसंद होती.'

# Indian techie reveals rewards of 72-hour grind at world's 'fastest growing company'



**NEW DELHI, (Agency).** An Indian software engineer has opened up about the upside of putting in long hours for his employer, even stretching it to 100 hours per week. Pranav Mehta is an employee of Mercor – an AI startup that pitches itself as the world's fastest growing company. He took to the social media platform X to reveal that Mercor employees often work 72 hours a week, and sometimes even 100 hours a week, but the awards are well worth it.

## World's fastest growing company

Yesterday, Mercor CEO Brendan Foody posted that the AI platform had scaled from $1 to $500 million in revenue run rate in the last 17 months, making it the world's fastest growing company in terms of revenue.

The AI training startup is targeting a valuation of $10 billion or more, according to a recent TechCrunch report.

"Mercor scaled from $1-500M in revenue run rate in the last 17 months, making us the fastest growing company of all time. Our growth is accelerating. We averaged 11% week over week growth in July, 18% WoW growth in August, and 19% WoW growth in September," the CEO of Mercor posted on X.

"While everyone fears job loss, we're creating a new category of knowledge work faster than any other time in history. The future of work will converge on training agents," he added.

## Working over 72 hours a week

Pranav Mehta, a former Microsoft employee, responded to the post with an insider's perspective on what it is like to work at Mercor. Mehta said that while work weeks are often 72 hours long or even longer, they are worth it for the learning and growth he has experienced at the company.

"The 72-hour work week might sound daunting at first (occasionally stretches to 100)," he said. "But the growth, the learning curve, the pace- is truly unmatched."




1. **Woman who crashed BMW into bike and killed Finance Ministry official arrested in Delhi**
2. **SSB apprehends 79 inmates from Nepal along India border**
3. **Lucknow woman slaps pizza delivery agent, demands ₹30,000**
4. **SC order neutrally balanced: Lawyer from TN village entirely taken over by Waqf**
5. **K'taka HC junks pleas against Banu Mushtaq's Mysuru Dasara invite**
6. **Triple Talaq sparks drama outside Rampur court in UP**
7. **Visuals show BMW flipped over, victims lying on road after crash that killed govt officer**

**मुंबई में AID की राष्ट्रीय कार्यशाला संपन्न**

# ललित पासवान (संचालक, संगम इन्वेस्टिगेशन सर्विस) ने छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश के अन्वेषकों को AID से जुड़ने का दिया संदेश



**मुंबई, (एजेंसी)** एसोसिएशन ऑफ इन्वेस्टिगेटर्स एंड डिटेक्टिव्स (AID) द्वारा 13 और 14 सितंबर को मुंबई में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर देशभर से निजी अन्वेषक, बीमा विशेषज्ञ, अधिवक्ता, फॉरेंसिक वैज्ञानिक और साइबर जांच विशेषज्ञ शामिल हुए।

कार्यशाला में बीमा दावा जांच, मोटर दुर्घटना दावे, साइबर अपराध, डिजिटल फुटप्रिंट, कॉल डिटेल रिकॉर्ड (CDR) विश्लेषण, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बिग डाटा, फॉरेंसिक साइंस और भारतीय न्याय संहिता (BNS-2023) जैसे विषयों पर गहन प्रशिक्षण दिया गया। विशेषज्ञों ने आधुनिक तकनीक, डेटा प्राइवेसी, एथिक्स और चेन ऑफ कस्टडी के महत्व पर विशेष बल दिया।






इस अवसर पर संगम इन्वेस्टिगेशन सर्विस, छत्तीसगढ़ के संचालक एवं AID के कोर मेंबर ललित पासवान ने कहा—

"AID एक राष्ट्रीय स्तर का मजबूत संगठन है। यदि छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के सभी अन्वेषक, अधिवक्ता और सर्वेयर इसमें शामिल होंगे तो यह संगठन और भी सशक्त होगा। इससे पेशेवर कार्यशैली को बढ़ावा मिलेगा और समाज को भी लाभ होगा।"

उन्होंने सभी सहयोगियों से AID से जुड़ने की अपील की और कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम हर अन्वेषक के लिए आवश्यक हैं, ताकि वे समय के साथ बदलती तकनीक और कानूनी प्रावधानों का सही उपयोग कर सकें।

**संगठन परिचय**
**(Boilerplate)**
**संगम इन्वेस्टिगेशन सर्विस**

संगम इन्वेस्टिगेशन सर्विस, बिलासपुर (छत्तीसगढ़) आधारित एक विश्वसनीय और पेशेवर जांच एवं डिटेक्टिव एजेंसी है। संस्था का उद्देश्य है—बीमा दावों की जांच, साइबर अपराध, कानूनी सहयोग और निजी जांच सेवाओं को आधुनिक तकनीक और पारदर्शिता के साथ उपलब्ध कराना। संगठन के संचालक ललित पासवान देशभर के अन्वेषकों को जोड़कर एक मजबूत पेशेवर नेटवर्क तैयार करने के लिए निरंतर सक्रिय हैं।

# एक लाख की रिश्वत लेते सब इंस्पेक्टर को पकड़ा

## पिता को क्लीनचिट देने बेटे से की डिमांड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। लोकायुक्त पुलिस ने आजाद नगर में पदस्थ एसआई धर्मेंद्र राजपूत को एक लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी एसआई ने हत्या के केस में एक युवक के पिता को क्लीनचिट देने की लिए रिश्वत मांगी थी। युवक ने इसकी शिकायत लोकायुक्त पुलिस से कर दी। सोमवार को एसआई ने युवक को थाने के बाहर एक दुकान पर बुलाया था। यहां जैसे ही एसआई ने रुपए लिए लोकायुक्त पुलिस ने उसे पकड़ लिया। लोकायुक्त डीएसपी सुनील कुमार तालान ने बताया कि मूसाखेड़ी में कुछ दिन



पहले एक युवक के साथ चोरी की शंका में मारपीट की गई थी। उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने रामचंद्र सिंह तोमर को भी इस मामले में आरोपी बनाया था। तब से ही एसआई द्वारा उससे क्लीन चिट देने के नाम रिश्वत मांगी जा रही थी। हाईकोर्ट से जमानत होने के बाद भी आगे कोई कार्रवाई नहीं करने के नाम 2 लाख रुपए मांगे गए। फिर 1.50 लाख रुपए मांगे गए। इसके बाद सौदा 1 लाख रुपए में तय हुआ। एसआई राजपूत ने रामचंद्र सिंह तोमर को हत्या के आरोप में झूठा फंसाने की धमकी देकर बेटे से रिश्वत की मांग की थी। रुपए नहीं देने पर उसके पिता को केस में आरोपी बनाया दिया था। रामचंद्र को जब अग्रिम जमानत मिल गई तो उसके बेटे संतोष को थाने बुलाया। यहां पर पिता पर कोई कठोर कार्रवाई नहीं करने और मदद करने के एवज में 1.50 लाख रुपए रिश्वत मांगी। लोकायुक्त एसपी राजेश सहाय ने बताया कि रामचंद्र सिंह तोमर एक्स कैप्टन सिक्योरिटी कंपनी में डायरेक्टर हैं। आजाद नगर पुलिस ने कुछ दिन पहले रामचंद्र सिंह तोमर के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया था। एसआई राजपूत मदद करने के नाम पर उनके बेटे संतोष तोमर पर कई दिनों से रिश्वत का दबाव बना रहे थे। शिकायत के बाद ये कार्रवाई की गई।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक